કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, **भारत सरकार**
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India**)

सत्यमेव जयते

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ હોસ્પિટલ, પ્લોટ નં એચ- 3012, જી.આઈ.ડી.સી, 500 ક્વાર્ટર નજીક, અંકલેશ્વર, જિલ્લો- ભરૂચ (ગુજરાત)
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लॉट सं. एच- 3012, 500 क्वाटर्स के पास, अंकलेश्वर, जिला- भरूच (गुजरात)
ESIC Hospital, Plot No. H-3012, Near 500 Quarters, GIDC, Ankleshwar, Dist. Bharuch (Gujarat)
Email:ms-ankleshwar.gj@esic.gov.in/
Website: www.esic.gov.in/

दिनांक : 02.03.2023

-: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस - 2023 रिपोर्ट (दिनांक 01.03.2023 व 02.03.2023):-

क रा बी नि , मुख्यालय के निर्देश अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में दिनांक 02.03.2023 को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस – 2023 के अंतर्गत उप चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि अस्पताल में आईपी के मेडिकल पुनर्भरण के बिलों के तुरंत निस्तारण हेतु सभी शाखा प्रभरियों को निर्देश दिए गए है और इस संबंध में प्रति माह लंबित प्रकरणों पर बैठक का आयोजन भी किया जा रहा हैं एवं लंबित बिलों के निस्तारण के लिए विशेष सेवा पखवाड़ा-2023 भी मनाया जा रहा है ताकि लंबित बिलों को शून्य किया जा सकें।

अस्पताल में आज दिनांक योगा अनुदेशक द्वारा OPD हाल में **लिंग संवेदन- शीलता शीर्षक** पर अपने विचार प्रकट किए जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि लिंग संवेदनशीलता की प्रक्रिया में संवेगों पर नियन्त्रण करना सिखाया जाता है। एक छात्र को छात्रा के व्यवहार पर बहुत क्रोध आता है परन्तु वह अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखते हुए छात्रा को उसकी त्रुटि को समझाता है। इसी प्रकार का व्यवहार छात्रा द्वारा छात्र के प्रति किया जाता है। इस प्रकार एक-दूसरे के माध्यम से एक-दूसरे के व्यवहार एवं संवेगों को समझा जाता है तथा नियन्त्रण किया जाता है।

DCBO- शाखा प्रबंधक और डिस्पेनसरी D-1 चिकित्सा प्रभारी, अंकलेश्वर द्वारा मातृत्व लाभ लेने के लिए संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब यह प्रक्रिया ऑनलाइन हो चुकी हैं।

सहायक नर्सिंग अधीक्षक (इंचार्ज) द्वारा बताया गया कि आज के दौर में समाज में लिंग संवेदनशीलता की प्रक्रिया में सामाजिक सुरक्षा का वातावरण उत्पन्न होता है; जैसे-एक अभिभावक अपनी बालिका को सह शिक्षा वाले विद्यालय में इसलिये अध्ययन को भेजता है कि उसको यह ज्ञात होता है कि उस विद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारियों का व्यवहार आदर्श रूप में है तथा बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है।

इस दौरान कार्यक्रम में कुल आईपी 29 सहित उप चिकित्सा अधीक्षक, सहायक निदेशक (सामान्य शाखा),शाखा अधिकारी (जन संपर्क शाखा) योगा अनुदेशक, डॉ शिवांगी पटेल सहायक नर्सिंग अधीक्षक (इंचार्ज),नर्सिंग स्टाफ एवं सोशल वर्कर उपस्थित रहें।

Signed by Dilipkumar Khanabhai Solanki
Date: 02-03-2023 12:57:36
Reason: Approved

जन संपर्क शाखा

I/273888/2023

Shot on OnePlus
Powered by Quad Camera

आजादी का अमृत महोत्सव
अंकलेश्वर
Shot on OnePlus
Powered by Quad Camera

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, **भारत सरकार**
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India)**

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ હોસ્પિટલ, પ્લોટ નં એચ-3012, જી.આઇ.ડી.સી, 500 ક્વાર્ટર નજીક, અંકલેશ્વર, જિલ્લો- ભરૂચ (ગુજરાત)
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लॉट सं. एच- 3012, 500 क्वाटर्स के पास, अंकलेश्वर, जिला- भरूच (गुजरात)
ESIC Hospital, Plot No. H-3012, Near 500 Quarters, GIDC, Ankleshwar, Dist. Bharuch (Gujarat)
Email:ms-ankleshwar.gj@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in/

दिनांक : 03.03.2023

-:अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस- 2023 रिपोर्ट (दिनांक 03.03.2023):-

क रा बी नि अस्पताल में दिनांक 03.03.2023 को बीमित महिलाओं के लिए हेल्थ स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन OPD हाल -1 में किया गया जिसमें महिलाओं के बीपी, शुगर, वजन किया गया व विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को खानपान व सेहत का ध्यान रखने के लिए आहारविद द्वारा समझाया गया। उनके द्वारा बताया गया कि अब गर्मी का मौसम आ चुका हैं और अपनी डाइट में तरल खाद्य पदार्थ की मात्रा ज्यादा रखनी चाहिए।

इसी क्रम में योगा अनुदेशक द्वारा वर्तमान में महिलाओं में वजन की समस्या लगातार बढ़ती जा रही हैं इस हेतु कुछ योगा अभ्यास बताए गए और सभी उपस्थित महिलाओं को प्रेरित किया गया कि आप योग के लिए कुछ समय अपने लिए अवश्य निकाले।

हेल्थ स्क्रीनिंग कैम्प में आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा बताया गया कि महिलाओं को आयुर्वेद से उपचार करवाना चाहिए क्योंकि इसके प्रतिकूल प्रभाव शरीर पर नहीं होते हैं।

चिकित्सा अधीक्षक द्वारा नवाचार करते हुए अस्पताल में ही नियमित टीकाकरण करवाने हेतु निर्देश दिए गए है ताकि गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण हो सकें। इस दौरान कार्यक्रम में 22 बीमित महिलाये उपस्थित रहीं।

I/279673/2023

Signed by Dilipkumar
Khanabhai Solanki
Date: 04-03-2023 13:04:39
Reason: Approved